## विस्तृत आख्या

**परियोजना का नाम** :– राज्य योजना के अन्तर्गत जनपद उत्तरकाशी के विकास खण्ड चिन्यालीसौड में चिन्यालीसौड़–जोगथ मोटर मार्ग से पुजारगांव भडेश्वर मन्दिर तक मोटर मार्ग का निर्माण कार्य 1.825 किमी0 लम्बाई निर्माण हेतु 1.4385 हे0 आरक्षित / सिविल वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव।

**वांछित भूमि का विवरण (Discription of the Land Required)** :– प्रस्तावित मार्ग की स्वीकृति राज्य योजना के अन्तर्गत शासनादेश संख्या 333 / ।।। (2) / 14–46 (प्रा.आ.) / 2013, दिनांक 21.01.2014 द्वारा 2.00 किमी. लम्बाई हेतु रू. 15.23 लाख प्राप्त हुई है।

उपरोक्त 1.825 किमी. लम्बाई में वांछित प्रभावित भूमि का विवरण निम्नवत् ह –

1. नाप भूमि :– 0.1190 हे०।
2. आरक्षित वन भूमि :– 1.0675 हे०।
3. सिविल भूमि :– 0.0910 हे०।
4. मलवा निस्तारण :– 1.3475 हे०।

**कुल भूमि जो कि मोटर मार्ग निर्माण हेतु आवश्यक है :– (1.0675+0.0910+0280 = 1.4385 हे०)**

विदित हो कि ग्राम पुजारगांव भडेश्वर मन्दिर की बसावट को संयोजित करने हेतु मार्ग की पूर्ण लम्बाई प्रस्तावित की जा रही है तथा लक्षित ग्राम को संयोजित करने हेतु अतिरिक्त लम्बाई की आवश्यकता नही है।

**प्रभावित पेड़ो का विवरण** :– मोटर मार्ग में कुल 85 वृक्ष चीड़,आंवला,कुकाट,कंगू ,हरडा व बांज(नाकबिल) प्रजाती के प्रभावित हो रहे है, जिसमें चीड 59 वृक्षों में से 0–10 व्यास के 01 वृक्ष, 10–20 व्यास के 05 वृक्ष, 20–30 व्यास के 23 वृक्ष, 30–40 व्यास के 17 वृक्ष, 40–50 व्यास के 02 वृक्ष, 50–60 व्यास के 04 वृक्ष, 60–70 व्यास के 03 वृक्ष, 70–80 व्यास के 01 वृक्ष, 80–90 व्यास के 0 वृक्ष व 90 से अधिक व्यास के 3 वृक्ष , आवला 05 वृक्षों में से 0–10 व्यास के 03 वृक्ष, 10–20 व्यास के 02 वृक्ष, कुकाट 15 वृक्षों में से 0–10 व्यास के 02 वृक्ष, 10–20 व्यास के 05 वृक्ष, 20–30 व्यास के 06 वृक्ष, 30–40 व्यास के 02 वृक्ष, कंगू 03 वृक्षों में से 0–10 व्यास के 0 वृक्ष, 10–20 व्यास के 02 वृक्ष, 20–30 व्यास के 01 वृक्ष, हरडा 02 वृक्षों में से 0–10 व्यास के 0 वृक्ष, 10–20 व्यास के 01 वृक्ष, 20–30 व्यास के 01 वृक्ष, एंव बांज(नाकबिल) 01 वृक्षों में से 20–30 व्यास के 01 वृक्ष, आ रहे है।

**मोटर मार्ग का संक्षिप्त विवरण** :– प्रस्तावित मोटर मार्ग से ग्राम पुजारगांव भडेश्वर मन्दिर (ग्राम पंचायत आबादी 832) ग्राम लाभान्वित हो रहा है। यह मार्ग विकास खण्ड चिन्यालीसौड़ जिला उत्तरकाशी (उत्तराखण्ड) में स्थित है। इस मार्ग में नाप भूमि, सिविल भूमि एवं आरिक्षित वन भूमि प्रभावित हो रही है, जिस हेतु वन भूमि प्रस्ताव गठित किया गया है।

**मोटर मार्ग को वन भूमि में अवस्थित करने का औचित्य** :– वर्तमान में ग्राम पुजारगांव भडेश्वर मन्दिर के ग्रामवासियों को अपनी दैनिक आवश्यकताओं एवं अपने कृषि उत्पादों को रोड़ हैड तक पहुचाने हेतु लगभग 1.00

" "

किमी. की पैदल दूरी तय करनी पड़ती है। मोटर मार्ग के अभाव में क्षेत्रवासियों उचित चिकित्सा सेवायें नही मिल पा रही है, जिस कारण गर्भवती महिलाओं एवं अन्य रोगियों के जीवन का जोखिम बना रहता है। मोटर मार्ग से असंयोजकता के कारण क्षेत्रीय जनता अनेकाएक लोगों से वंचित है तथा पिछड़ेपन का शिकार है। ग्रामवासियों का मुख्य व्यवसाय कृषि एवं पशुपालन है। ग्रामवासी अपने नगदी फसलों यथा संतरे, अदरख, आलू, नींबू इत्यादि को रोड़ हैड तक पैदल अथवा खच्चरों से लाया जाता है तथा उनके उत्पादों का उन्हे सही लाभ नही मिल पाता। मोटर मार्ग से संयोजकता हो जाने के उपरान्त ग्रामवासियों का सामाजिक एवं आर्थिक स्तर में प्रगति होने व साथ–साथ गांव से नव युवकों का पलायन रूकेगा। मार्ग निर्माण में प्रभावित 1.4385 हे० वन भूमि, जो कि सर्वेक्षण पश्चात चिन्हित की गयी है, न्यनतम है तथा समरेखण को इस प्रकार प्रस्तावित किया गया है कि वृक्षों का न्यूनतम पातन हो। इस प्रस्तावित समरेखण के अतिरिक्त अन्य कोई वैकल्पिक समरेखण नही है, जिसमें इससे कम वृक्षों का पातन हो। वन भूमि 7.00 मीटर चौड़ाई में लिया जाना प्रस्तावित किया जा रहा है, जिस पर निर्माण किया जायेगा।

प्रसतावित मोटर मार्ग चिन्यालीसौड–जोगथ के किमी0 20 से प्रारम्भ होकर के ग्राम पुजारगांव भडेश्वर मन्दिर तक जायेगी जिसकी कुल लम्बाई 1.825 किमी0 है।

भूगर्भवेता की निरीक्षण आख्या से भी स्पष्ट होता है कि इस प्रस्तावित समरेखण में मार्ग निर्माण भूगर्भ की दृष्टि से सुरक्षित है। समरेखण में कोई भी कब्रिस्तान, अत्येष्टि स्थल, धार्मिक/ऐतिहासिक/पुरातत्व की दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थल/स्थान प्रभावित नही हो रहा है।

उपरोक्त तथ्यों को दृष्टिगोचर रखते हुये जनहित में 1.4385 हे० वन भूमि को मोटर मार्ग के निर्माण हेतु प्रदत्त करने की कृपा करें।

सहायक अभियन्ता,
निर्माण खण्ड, लो.नि.वि.,

अधिशासी अभियन्ता,
निर्माण खण्ड, लो.नि.वि.
उत्तरकाशी

वन क्षेत्राधिकारी
धरासू वन राजि
उत्तरकाशी वन प्रभाग

प्रभागीय वनाधिकारी
उत्तरकाशी वन प्रभाग
उत्तरकाशी